**विधान परिषद के तृतीय सत्र 2022 के प्रथम मंगलवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तरालेख**

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 11(क) | क्या कृषि शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि जनपद-अयोध्या में स्थापित एवं संचालित नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में सभी स्तर के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के कितने पद सृजित हैं और अब तक कितने पद रिक्त चल रहे हैं? | विश्वविद्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज, अयोध्या में सभी स्तर (शिक्षण, शोध एवं प्रसार) के शिक्षकों के कुल 436 पद एवं कर्मचारियों के कुल 1060 पद हैं और उपरोक्त में से शिक्षकों के 262 पद एवं कर्मचारियों के 432 पद रिक्त है। |
| (ख) | क्या उक्त रिक्त पदों पर शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्तियाँ करायेंगे? | कृषि विश्वविद्यालयों में शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्य हेतु शासन द्वारा सृजित पदों के सापेक्ष नियुक्ति हेतु शासन से प्राप्त अनुमति के आधार पर रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही एक सतत प्रक्रिया है। |

सूर्य प्रताप शाही,
मंत्री,
कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग।

## अनुपूरक सामग्री

आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अधीन संचालित 25 कृषि विज्ञान केन्द्रों (शतप्रतिशत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा वित्त पोषित) के स्वीकृत कार्यरत व रिक्त पदों का विवरण।

| क.सं. | कृषि विज्ञान केन्द्र | स्वीकृत | भरे | रिक्त | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष | 25 | 20 | 05 | विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्ति/चयन प्रकियान्तर्गत है। |
| 2. | विषय वस्तु विशेषज्ञ | 150 | 125 | 25 | विज्ञापित पदों के सापेक्ष एस.एम.एस. /टी–6 के पदों पर चयन प्रकियां/नियुक्ति सम्पन्न की जा चुकी है। |
| 3. | समूह ग व घ | 225 | 146 | 79 | विज्ञापित पदों के सापेक्ष नियुक्ति/चयन प्रकियान्तर्गत है। |
| | योग– | 400 | 291 | 109 | |

(पी0एस0 प्रमाणिक)
कुलसचिव